प्रेषक,

संजय कुमार सिंह–III
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ त्वरित न्यायालय द्वितीय ,
गाजीपुर।
आई.डी.–UP1722

सेवा में,

श्रीमान् सहायक निबंधक (सेवायें),
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– माननीय जनपद न्यायाधीश,
गाजीपुर।

विषयः जनपद गाजीपुर में एक वर्ष हेतु स्टे अथवा जनपद बलिया या जनपद मऊ में स्थानान्तरण विषयक।

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि मेरे द्वारा इस जनपद में सेवा में योगदान दिनांक 11-05-2017 को किया गया है। माननीय न्यायालय के पत्र संख्या–10/Admin.(Services)/2020, Dated: September 17, 2020 के क्रम में मेरा 3 वर्ष का कार्यकाल माह मार्च 2020 में पूरा हो चुका है।

माननीय न्यायालय को सादर अवगत कराना है कि मेरी पत्नी श्रीमती संगीता सिंह कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चिलकहर, जनपद बलिया में नियुक्त हैं जो वर्तमान में खण्ड विकास कार्यालय सोहांव, जनपद बलिया में सम्बद्ध हैं। मेरे छोटे पुत्र श्रेयस की उम्र मात्र 5 वर्ष है जो कम उम्र हैं व सांस की बीमारी से पीड़ित हैं। पत्नी व बच्चों की देखभाल के लिए मेरे परिवार में मेरे अवाला अन्य कोई व्यक्ति नहीं है। जनपद गाजीपुर में मेरी नियुक्ति होने से पत्नी व बच्चों की देखभाल कर लेता हूँ। विगत वर्ष स्थानन्तरण के स्टे हेतु मेरे द्वारा निवेदन किया गया था जिसे माननीय न्यायालय द्वारा स्वीकार किया गया था, परन्तु कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए माननीय न्यायालय द्वारा स्थानन्तरण सत्र को शून्य घोषित कर दिया गया था।

अतः माननीय महोदय से विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि मुझे जनपद गाजीपुर में एक वर्ष का अतिरिक्त कार्यकाल प्रदान करने अथवा मेरा नियमित स्थानन्तरण, मेरी पत्नी की नियुक्ति को देखते हुए जनपद बलिया अथवा जनपद बलिया से लगे हुए जनपद मऊ में किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष मेरा प्रत्यावेदन रखे जाने की महति कृपा करे, जिस हेतु मैं आपका सदैव आभारी रहूंगा।

ससम्मान।

पत्रांक 1280 दिनांक 26-11-2020
अग्रसारित
जनपद न्यायाधीश
गाजीपुर
26-11-2020

भवदीय,

26/11/2020
(संजय कुमार सिंह–III)
अपर जिला व सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय द्वितीय,
गाजीपुर।
आई.डी.–UP1722

दिनांकः 26-11-2020

संलग्नकः 1– प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी सोहांव, बलिया द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की प्रति।

प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती संगीता सिंह, क० सहायक, कार्यालय खण्ड विकास - चिलकहर-बलिया संप्रति संबद्ध कार्यालय सोहाँव - बलिया श्री संजय कु० सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / त्वरित न्यायालय द्वितीय की पत्नी हैं।

Bagesh

खण्ड विकास अधिकारी
सोहाँव-बलिया

खण्ड विकास अधिकारी
सोहाँव बलिया
12.11.2020